# आकाशवाणी, गोरखपुर

## दिनांक–10 अगस्त 2025 सान्ध्य समाचार

उत्तर प्रदेश विधान मंडल के कल से शुरू हो रहे मानसून सत्र को लेकर आज मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सर्वदलीय बैठक में शामिल हुए। बैठक में सत्र के संचालन को लेकर राजनीतिक दलों से कई बिंदुओं पर चर्चा हुई।

***विधानसभा अध्यक्ष ने सतीश महाना ने मानूसन सत्र से पहले आज सर्वदलीय बैठक बुलाई। इस बैठक में मुख्यमंत्री के साथ पक्ष और विपक्ष के नेता उपस्थित थे। इस दौरान कई बिंदुओं पर चर्चा हुई। विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना, वित्त एवं संसदीय कार्यमंत्री सुरेश खन्ना, नेता प्रतिपक्ष माता प्रसाद पांडेय, मंत्री संजय निषाद ओम प्रकाश राजभर, कांग्रेस की नेता विधान मण्डल दल आराधना मिश्रा, बसपा नेता उमाशंकर सिंह, जनसत्ता दल के नेता कुंवर रघुराज प्रताप सिंह भी इस बैठक में मौजूद रहे। उल्लेखनीय है कि कल से विधान मंडल का मानसून सत्र आरम्भ हो रहा है। विधान मंडल का मानसून सत्र का प्रस्तावित कार्यक्रम 16 अगस्त तक निर्धारित है। समाचार कक्ष से विवेक सिंह।***

इससे पहले मुख्यमंत्री ने आज विधान भवन के प्रवेश द्वार पर बने नए गुंबद और सभा मंडप का लोकार्पण किया। इसके अलावा उन्होंने नवीनीकृत सभा कक्ष संख्या–15 और अतिविशिष्ट जलपान गृह भी का उद्घाटन किया।

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज गोरखपुर स्थित गोरखनाथ मंदिर में आयोजित जनता दर्शन में प्रदेश के विभिन्न जनपदों से आए लगभग 200 लोगों की समस्याओं को सुना और संबंधित अधिकारियों को समस्या के त्वरित निस्तारण के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

**********

प्रमुख रक्षा अध्यक्ष–सीडीएस जनरल अनिल चौहान ने आज कहा कि ऑपरेशन सिंदूर तीनों सेनाओं के बीच तालमेल और अभियान में समन्वय का प्रतीक है। जनरल चौहान ने सिकन्दराबाद में कॉलेज ऑफ डिफेंस मैनेजमेंट में 21वें हायर डिफेंस मैनेजमेंट कोर्स और वरिष्ठ अधिकारियों को संबोधित करते हुए सशस्त्र सेनाओं में एकीकरण पर रणनीतिक दृष्टिकोण साझा किया। उन्होंने भविष्य के संयुक्त अभियानों के प्रारूप का भी उल्लेख किया।

**********

प्रदेश के सत्ताइस जनपदों में आज से फाइलेरिया से बचाव की दवा खिलाने के अभियान की शुरूआत हुई। गोरखपुर के पांच ब्लॉकों और नथमलपुर शहरी क्षेत्र में सर्वजन दवा सेवन–एमडीए अभियान की शुरुआत मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. राजेश झा ने की। उन्होंने बताया कि इसके लिए स्वास्थ्य टीम हप्ते में चार दिन सोमवार, मंगलवार, बृहस्पतिवार और शुक्रवार को घर घर जाकर लोगों को फाइलेरिया से बचाव की दवा खिलाएंगी।यह अभियान अट्ठाइस अगस्त तक चलाया जाएगा।

**********

हर घर तिरंगा अभियान के तहत आज प्रदेश के विभिन्न जनपदों में तिरंगा यात्रा निकाली जा रही है। इसी क्रम में आज जौनपुर में आयोजित तिरंगा यात्रा में प्रदेश सरकार के राज्यमंत्री गिरीश चंद्र यादव शामिल हुए। उधर, बलरामपुर में सदर विधायक पलटू राम के नेतृत्व में बलरामपुर देहात मंडल में तिरंगा यात्रा जोश और उत्साह के बीच निकाली गई। वाराणसी में भी हर घर तिरंगा अभियान के तहत 13 अगस्त को जिला स्तरीय तिरंगा यात्रा निकाली जाएगी। यह यात्रा महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ से शुरू होकर सम्पूर्णानन्द संस्कृत विश्वविद्यालय तक जाएगी। इस वर्ष हर घर तिरंगा अभियान के तहत वाराणसी में 4 लाख 75 हजार तिरंगे झंडे वितरित कर के घर–घर फहराए जाने की योजना है।

**********

आज विश्व शेर दिवस है। यह दिवस दुनिया भर में शेरों के संरक्षण और संवर्धन को बढ़ावा देने के लिये मनाया जाता है। गुजरात एशियाई शेरों के संरक्षण में एक महत्वपूर्ण स्थल के रूप में प्रसिद्ध है। हमारी संवाददाता ने बताया है कि पोरबंदर के पास बरदा वन्य जीव अभ्यारण्य पारिस्थितिकी और शेरों के विकास की दिशा में प्रगति कर रहा है। एक रिपोर्ट–

**कभी एक समय शेरो का एक गौण आवास रहा, बरडा अभयारण्य अभी 17 शेरों और पच्चीस तेंदुओं के साथ फल–फूल रहा है, जो वर्षों के पारिस्थितिक पुनर्स्थापन और वैज्ञानिक प्रबंधन का प्रतीक है। वन विभाग द्वारा रेडियो कॉलर और रीयल–टाइम ट्रैकिंग तकनीक के उपयोग ने शेर संरक्षण को पहले से कहीं अधिक प्रभावी बना दिया है। अब गुजरात में 891 शेर है जिसमे से आधे से ज्यादा गिर के बाहर हैं, यह दिखाता है की, प्रोजेक्ट लायन के अंतर्गत आवास विस्तार ने स्थायी वन्यजीव प्रबंधन के लिए नए मानक स्थापित किए हैं। अपर्णा खूंट आकाशवाणी समाचार अहमदाबाद ।**

**********

वाराणसी में गंगा और वरूणा नदी में बाढ़ का पानी तेजी से उतरने के बाद भी प्रभावित क्षेत्रों में जनजीवन समान्य नहीं हुआ है। आज प्रदेश के आयुष मंत्री डॉ. दयाशंकर मिश्र दयालु कोटवा के बाढ़ प्रभावित क्षेत्र में पहुंचे। प्रभावित क्षेत्र में पीड़ितों से मुलाकात के बाद आयुष मंत्री ने वहां बने बाढ़ राहत शिविर में लोगों को किट उपलब्ध कराया। उधर, प्रयागराज में भी गंगा का पानी धीरे धीरे कम हो रहा है। पानी कम होने के बाद से जिला प्रशासन भी अलर्ट मोड में है।

**********